## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बारिश ने आम जीवन को घरों में कैद रहने को किया मजबूर

**कहर**

## मडुवा व अन्य फसल की बुवाई को लेकर किसान हुए चिंतित

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद मुख्यालय में पिछले एक सप्ताह से हर शाम को मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। वही ऐसे में रविवार की सांय बादल घिरने के बाद से जिला मुख्यालय में सोमवार को भी भारी बारिश का कहर जारी है। ऐसे में सीमांत जनपद में जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो चुका है। जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार को बजारों में सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। जिले में बजारों में नालियां व कलमठ के बंद पड़े होने से बरसात का पानी सड़क व स्थानीय दुकानदारों के दुकानों में घुस रहा है। ऐसे में पैदल चलने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। दूसरी ओर सड़क के बीच में पानी भर जाने से सड़क तालाब में तब्दील होते दिख रही है। सीमांत



जनपद में भारी बारिश के चलते स्कूली बच्चों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अभी तो मानसून की बारिश शुरू नही हुई है, ऐसे में रोजाना हो रही पिछले एक सप्ताह की बारिश ने आम जीवन को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है। भारी बारिश के चलते कुछ जगहों पर रास्तों के कुछ घंटों तक बंद होने की सूचना मिली है।

सीमांत के बेरीनाग, धारचूला ,डीडीहाट ,मुंसयारी में भी मूसलाधार बारिश का कहर पिछले एक सप्ताह से जारी है। बेरीनाग के मुख्य बजार में रोजाना हो रही बारिश के चलते सड़क में पानी भरने से सड़क में जगह जगह पानी एकत्र होने से आम राहगीरों को आवाजाही करने में खासतौर पर दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है। हालात यह है कि क्षेत्र में किसानों को भी मायूसी झेलनी पड़ रही है। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते खेतों में कीचढ़ व जल भराव होने किसान धान व मडुवा की बुवाई तक नही कर सके है। ऐसे में सीमांत जनपद व सीमांत तहसील क्षेत्रों में भी भारी बारिश होने से स्थानीय लोगों की मुश्किलें व चिंता बढ़ने लगी है। सीमांत जनपद के सभासद वार्ड व सडकों व बजारों में बंद पड़ी नालियों को खोले जाने को लेकर संबधित महकमें व लोनवि पालिका से मांग भी कर चुके है मगर अब तक समाधान न होने से खासी दिक्कतें खड़ी होने लगी है।

## न्यूज डायरी

### नैनीताल घूमने आए मुंबई के पर्यटक की हार्टअटैक से मौत

**संवाददाता** नैनीताल। घूमने के लिए परिवार के साथ मुंबई से नैनीताल पहुंचे पर्यटक की देर रात तबीयत बिगड़ गई। स्वजन उसे लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम कर शव स्वजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक पूर्वलोक 23 आर्टिक विलेज सेक्टर 8 बेलापुर नवी मुंबई निवासी नंद कुमार पाटिल पुत्र अन्नासाहेब पाटिल परिवार के साथ घूमने के लिए दो दिन पूर्व नैनीताल आए हुए थे। वह तल्लीताल स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। रविवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद होटल कर्मियों की मदद से स्वजन उन्हें लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में प्राथमिक जांच के बाद उन्हें भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। जहां सोमवार तड़के उन्होंने दम तोड़ दिया।

### कौसानी में पांच हजार और पूरे जिले में आठ हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे

**संवाददाता** बागेश्वर। कौसानी और पिंडारी ग्लेशियर की साहसिक यात्रा के लिए पर्यटकों का यहां आने का सिलसिला तेज हो गया है। जून–जुलाई मैदानी हिस्सों के लिए अधिक गर्मी वाला समय होता है। साथ ही स्कूल, कालेज आदि में अवकाश भी होता है। जिसको लेकर अभी से पर्यटक आनलाइन बुकिंग कराने लगे हैं। लेकिन इस बार सैलानी होमस्टे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बसगेश्वर जिले में 114 होमस्टे हैं। कौसानी के अलावा हिमालय के तलहटी पर घरों को लोगों ने सैलानियों के लिए संवार भी लिया है। पर्यटन विभाग के अनुसार अभी तक कौसानी में पांच हजार और पूरे जिले में आठ हजार से अधिक पर्यटक पहुंच गए हैं।

### एचडीएफसी बैंक ने की बी2बी फार्मा मार्केटप्लेस रिटेलियो के साथ साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक और भारत के सबसे बड़े बी2बी फार्मा मार्केटप्लेस रिटेलियो ने आज को–ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की एक नई रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। ये बी2बी क्रेडिट कार्ड मुख्य रूप से मर्चेंट सेगमेंट में केमिस्ट और फार्मेसी के लिए बनाए गए हैं। ये बी2बी क्रेडिट कार्ड रिटेलियो के 1 लाख से भी अधिक मौजूदा ग्राहकों के साथ–साथ नए ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध होंगे। इस साझेदारी के द्वारा पहले चरण में 1.4 लाख से भी अधिक व्यापारियों को कवर किया जाएगा। इस बी2बी क्रेडिट कार्ड रेंज के जरिए दोनों भागीदारों की साख एवं शक्ति का लाभ उठाते हुए ग्राहकों को बेहतर मूल्य और अनुभव प्रदान किया जाएगा।

## पुलिस ने ट्वीट कर जारी किया मौसम का ऑरेंज अलर्ट

**संवाददाता** हल्द्वानी। उत्तराखंड में 23 व 24 मई को मौसम बिगड़ा रहेगा। मौसम विज्ञानियों ने अंदेशा जताया कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी व ओलावृष्टि होगी साथ ही मैदानी इलाके में अंधड़ के साथ बारिश होगी। उत्तराखंड पुलिस ने ट्वीट एडवाइजरी जारी की है।

नैनीताल, हल्द्वानी आदि में बारिश हुई तो वहीं पिथौरागढ़ में हिमपात हुआ। इसके अलावा खराब मौसम के चलते चारधाम यात्रा कुछ देर के लिए रोक दी गई थी। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के दस्तक देने के चलते मौसम बदल गया है। उत्तराखंड पुलिस ने आफीशियल ट्वीटर हैंडल से 23 व 24 को मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही पर्यटकों व स्थानीय निवासियों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। सोमवार सुबह से हल्द्वानी समेत पूरे नैनीताल बादल छाए रहे। और गरज चमक के साथ बारिश हुई। कहीं बारिश और कहीं बादलों के चलते मैदान में उमस व गर्मी से राहत मिली तो वहीं ऊंचाई वाली जगहों पर ठंड बढ़ गई।चारधाम की ऊंची चोटियों में हिमपात भी हुआ है।

राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार को कुमाऊं मंडल के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज के साथ बौछार पडने की संभावना है। नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर जिलों में कहीं कहीं पर भारी बारिश होने व तेज अंधड़ चलने की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है।



## कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

**संवाददाता** नैनीताल। कलेक्ट्रेट नैनीताल में कार्यरत मिनिस्ट्रियल संवर्ग के कर्मियों की संबद्धता को समाप्त करते हुए मूल पद पर तैनाती किए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी विरोध पर उतर आए हैं। दो दिन पूर्व बांह में काला फीता बांध कर विरोध जताने वाले कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर जमकर नारेबाजी की। साथ ही चेताया कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो कर्मचारी संघ की बैठक कर आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। सोमवार को उत्तराखंड कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के बैनर तले तमाम कर्मचारी कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने तीन घंटे का कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया।

## चंपावत उपचुनाव के दिन 31 मई से 72 घंटे पूर्व सील हो जाएगी भारत नेपाल सीमा

**संवाददाता** चम्पावत। 31 मई को चम्पावत विधान सभा के लिए होने वाले उपचुनाव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराए जाने के लिए सोमवार को भारत–नेपाल सीमा समन्वय समिति की वर्चुअल बैठक की गई। बैठक में पड़ोसी देश नेपाल की ओर से निर्वाचन के दिन आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में तय हुआ कि मतदान के दिन से 72 घंटे पहले भारत–नेपाल सीमा को पूरी तरह सील कर दिया जाएगा। मतदान सम्पन्न होने के बाद 31 मई की शाम पांच बजे सीमा आम लोगों की आवाजाही के लिए खोल दी जाएगी।

चम्पावत जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वर्चुअली बैठक में



जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी द्वारा नेपाल राष्ट्र के कंचनपुर जिले के प्रमुख जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बैठक के मुख्य एजेंडे की जानकारी दी।

डीएम ने बताया कि जनपद चम्पावत में उप निर्वाचन प्रक्रिया गतिमान है। आगामी 31 मई को प्रातरू सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप निर्वाचन को सम्पन्न कराए जाने के लिए भारत नेपाल सीमा को निर्वाचन समाप्ति से 72 घंटे पूर्व यानि 28 मई की शाम पांच बजे से मतदान समाप्ति के दिन 31 मई की शाम पांच बजे तक सील किया जाना है।

जिलाधिकारी ने नेपाल के कंचनपुर जिले के प्रमुख जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन से सहयोग की अपील करते हुए उक्त अवधि के लिए नेपाल की ओर से भी सीमा सील करने की अपील की। चम्पावत जिला प्रशासन के इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए कंचनपुर के जिलाधिकारी राम प्रसाद पांडेय ने विगत दिनों नेपाल में सम्पन्न हुए नगर निकाय चुनाव में भारत की ओर से सीमा सील कर दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## एक सप्ताह के अंदर सैकड़ों पर्यटक पहुंचे पंचाचूली ग्लेशियर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। दारमा की पंचाचूली ग्लेशियर तक जाने के लिए पर्यटकों का तांता लग चुका है। एक सप्ताह के भीतर ही सैकड़ों पर्यटक पंचाचूली ग्लेशियर पहुंच चुके हैं। पश्चिम बंगाल के 18 पर्यटक पंचाचूली ग्लेशियर को रवाना हुए। पर्यटकों को पर्यटक आवास गृह में हिमालय बचाने की शपथ दिलाते हुए उच्च हिमालय में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। एसएसआइ दीपक बिष्ट ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। पंचाचूली ग्लेशियर इस समय पर्यटकों की पहली पसंद बना है। देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक पंचाचूली ग्लेशियर पहुंच रहे हैं। दारमा की ट्रैक एंड ट्रेवल कंपनी के अलावा पर्यटक अपने माध्यमों से पहुंच रहे हैं।